# न्यू मार्केट को करें अतिक्रमणमुक्त

## महापौर ने जिला प्रशासन, निगम अफसरों व व्यापारी संघ की बैठक में दिए निर्देश



**भोपाल, 2 जुलाई. महापौर मालती राय ने निर्देशित किया है कि राजधानी के व्यस्ततम बाजारों में एक न्यू मार्केट को अतिक्रमण मुक्त बाजार बनाया जाए. उन्होंने न्यू मार्केट एवं आसपास के क्षेत्रों से अतिक्रमणों को सख्ती के साथ हटाने के निर्देश दिए. महापौर राय ने उक्त निर्देश जिला प्रशासन, नगर निगम के अधिकारियों एवं न्यू मार्केट व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में दिए.**

महापौर राय ने बुधवार को आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय के सभाकक्ष में राजधानी के व्यस्ततम बाजार न्यू मार्केट को अतिक्रमण मुक्त बनाने के संबंध में बैठक आहूत की. बैठक में महापौर ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों तथा व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की. उन्होंने कहा कि न्यू मार्केट हमारे शहर की शान है और हमारा प्रयास है कि सभी बाजार क्षेत्रों में आने वाले नागरिकों एवं व्यवसायियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. महापौर राय ने जिला प्रशासन एवं निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यू मार्केट बाजार के अंदर एवं बाहरी क्षेत्रों को अतिक्रमणों से मुक्त कराने की कार्यवाही सख्ती से की जाए और यह व्यवस्था भी सुनिश्चित करें कि एक बार अतिक्रमण हटाये जाने के बाद पुन: अतिक्रमण न हो.

महापौर ने कहा कि न्यू मार्केट में अतिक्रमणों पर सतत रूप से निगरानी रखी जाए यदि कोई अतिक्रमण करता है तो उसे तत्काल हटाने की कार्यवाही करें. महापौर राय ने न्यू मार्केट व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से भी चर्चा की और बाजार आने वाले ग्राहकों व व्यापारियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने के दृष्टिगत जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही में सतत रूप से सहयोग करने का आव्हान किया साथ ही बेहतर सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए.

## निगम अमले ने जप्त किए ठेले, काउंटर



**भोपाल, 2 जुलाई.** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने बुधवार को शहर के कई इलाकों में अतिक्रमण हटाए. इस दौरान अवैध रूप से लगाई फर्शियां, तार फेंसिंग, बाउंड्रीवॉल, शेड आदि को हटाने के साथ ही सड़कों, फुटपाथों पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले, गुमठी, सब्जी, कपड़ा, बेग आदि की दुकानें व सड़क पर खड़े चार पहिया वाहन एवं प्याज का विक्रय करने वाले ऑटो हटाए और ठेले, काउंटर, स्टूल आदि जप्त किए. निगम अमले ने सम्पदा व जिला प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग करते हुए जवाहर चौक स्थित शासकीय आवास 228 क्वार्टर के 20 आवासों को रिक्त भी कराया. निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने बुधवार को करोंद, सेमरा, निशातपुरा, आरिफ नगर, कमला नगर, इमामी गेट, रॉयल मार्केट, ताजुल मसाजिद, जहांगीराबाद, लिली टॉकीज, खजूरीकला, पी.एण्ड.टी चौराहा, न्यू मार्केट, सरस्वती नगर, लिंक रोड नंबर 01, 02 एवं 03, जवाहर चौक, यूनिक कॉलेज, तात्या टोपे चौराहा, मनीषा मार्केट, एम.पी.नगर, कोलार, चूना भट्टी, मंदाकनी चौराहा, ललिता नगर, डी-मार्ट, दाता कालोनी आदि क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कारवाई की. निगम अमले ने जिला प्रशासन एवं सम्पदा संचालनालय द्वारा जर्जर शासकीय आवासों को तोड़ने की कार्यवाही के क्रम में 20 आवासों को रिक्त कराने की कार्यवाही में भी सहयोग किया.

## संचालनालय प्रांतीय विभागीय समिति के अध्यक्ष बने नेगी

**भोपाल, 2 जुलाई.** लोक शिक्षण संचालनालय प्रांतीय विभागीय समिति के अध्यक्ष पद पर सियाराम नेगी को मनोनीत किया गया है. राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के प्रांताध्यक्ष शीलप्रताप सिंह पुन्ढीर ने सियाराम नेगी को जिम्मेदारी सौंपी है. नेगी सहायक ग्रेड-2, लोक शिक्षण संचालनालय स्कूल शिक्षा विभाग में है. नेगी के मनोनयन पर प्रदेश महासचिव व्यास मुनि चौबे, भगवान सिंह ठाकुर, डा. देवीसिंह सनोडिया, शोएव सिद्धिकी, प्रणर्व खरे, सुग्रीव सिंह, कृष्णकांत मिश्रा, विनोद सिन्हा, आदि पदाधिकारियों एवं साथी कर्मचारियों द्वारा बधाई देते हुए प्रांताध्यक्ष पुन्ढीर का आभार व्यक्त किया है.

## ठगी से लोगों को बचाने पर मिला सम्मान

▶ एसबीआई के स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम




**भोपाल, 2 जुलाई. भारतीय स्टेट बैंक ( एसबीआई ) के 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित प्रशासनिक अकादमी में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि एवं वृत्त प्रमुख चंद्रशेखर शर्मा उप प्रबंध निदेशक, महाप्रबंधक कुंदन ज्योति एवं महाप्रबंधक ओंकारनाथ चौधरी, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सेवानिवृत्त अधिकारीगण भी सम्मिलित हुए. वृत्त प्रमुख शर्मा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें उन्होंने एसबीआई की 219 वर्षों की अद्भुत यात्रा को रेखांकित किया. तत्पश्चात बैंक की विरासत पर आधारित एक वीडियो प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को गर्व और गौरव से भर दिया. इस अवसर पर लेडीज़ क्लब द्वारा नृत्य, पल्लवी का एकल गायन, सचिन लुगुन की कविताए अंशुल माथुर का गीत एवं रेणुका एवं टीम के समूह नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. समारोह में डॉ. संजय कुमार शर्मा (राष्ट्रपति द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार प्राप्त) का सम्मान किया गया. बैंक स्टाफ जिनिता साहू को साइबर धोखाधड़ी से ग्राहकों को बचाने के लिए सम्मानित किया गया. प्रख्यात पार्श्व गायिका संजीवनी ने गायन की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी (डीजीएम एवं सीडीओ) मनीष मठपाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ.

## नाटक इंस्पेक्टर शेरसिंह शेरू ने दर्शकों को खूब हंसाया

▶ एलबीटी सभागार में नाटक का मंचन



**भोपाल, 2 जुलाई. श्यामला हिल्स स्थिति एलबीटी सभागार में रिफ्लेक्शन सोसायटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट एंड क्लचर भोपाल के कलाकारों द्वारा अर्शिन खान के द्वारा निर्देशित हास्य नाटक इंस्पेक्टर शेरसिंह शेरू ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया.**

यह नाटक टाम स्टापर्ड के प्रसिद्ध हास्य एकांकी द रियल इंस्पेक्टर हाउंड का हिंदी रूपांतरण है, जिसे भारतीय परिवेश और दर्शकों के अनुरूप ढालकर प्रस्तुत किया गया. नाटक की कहानी दो नाट्य समीक्षकों, उत्साही और अवरोधी, के इर्द-गिर्द घूमती है. उन्हें एक नए मर्डर मिस्ट्री नाटक कातिल कौन की समीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाता है. मंचित नाटक का सेट मालगंज स्थित परमात्मा निवास नामक हवेली है, जो रहस्यमय वातावरण और विचित्र किरदारों से भरा हुआ है. कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब एक लाश के समान पड़ा किरदार, रहस्यमय समीर सान्याल का आगमन और इंस्पेक्टर शेरसिंह शेरु अपने हवलदार पंसुले के साथ मर्डर मिस्ट्री सुलझाने पहुंचते हैं. नाटक ने दर्शकों को अपने हास्यप्रद संवादों और दिलचस्प घटनाक्रमों से बांधे रखा. पात्रों की व्यक्तिगत उलझनें और नाटक के भीतर नाटक की अनूठी परतें दर्शकों को हंसाते-हंसाते सोचने पर मजबूर कर देती हैं. हाल में मौजूद दर्शक ठहाकों और तालियों से कलाकारों की अदाकारी को सराहते नजर आए.

### एक नजर में



## डॉक्टर डे पर लिया नेत्रदान का संकल्प

**भोपाल.** एम्स भोपाल में मंगलवार को डॉक्टर डे के अवसर पर नेत्र विज्ञान विभाग द्वारा नेत्रदान जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषय को जोड़ते हुए एक जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के सभी चिकित्सकों ने व्यक्तिगत रूप से नेत्रदान संकल्प पत्र भर कर समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया. इस पहल का उद्देश्य समाज में नेत्रदान के प्रति जागरुकता फैलाना, जनमानस को प्रेरित करना और नेत्रहीनों के जीवन में आशा की नई किरण जगाना था. इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका एवं नेत्रविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. भावना शर्मा ने कहा, यह संकल्प मात्र एक कागजी वचन नहीं है, बल्कि यह नेत्रहीनों के जीवन में प्रकाश लाने का संकल्प है - एक ऐसी आशा, जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है. उन्होंने यह भी बताया कि इस अवसर पर नई और प्रभावशाली विधियों के माध्यम से संदेश प्रसारित किया गया, जिसे सभी ने समर्पण के साथ अपनाया. कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रो. अजय सिंह ने कहा, डॉक्टर केवल उपचारकर्ता नहीं होते, वे समाज के मार्गदर्शक भी होते हैं. डॉक्टर दिवस के अवसर पर हमारे चिकित्सकों द्वारा नेत्रदान का संकल्प लेना यह दर्शाता है कि हम न केवल जीवन बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि जीवन में प्रकाश लाने के लिए भी समर्पित हैं.

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**भोपाल.** श्री भागवत परिवार जानकल्याण सेवा समिति द्वारा गुरुपूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत 3 से 10 जुलाई तक रसधाम गार्डन पीपुल्स मॉल के सामने करोंद रोड में संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. श्रीमद् भागवत कथा का वाचन शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री वृंदावनधाम के मुखारबिंद से दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक किया जायेगा. गुरुपूर्णिमा महोत्सव में विभिन्न धार्मिक प्रवचन, भजन संध्या और सेवा कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है. गुरुवार को कथा के शुभारंभ होने से पहले कलश यात्रा गणेश चौक, शिव मंदिर, 80 फीट रोड, विश्वकर्मा नगर मोड़, न्यू सब्जी मंडी के पास भोपाल से प्रारम्भ होकर कथा स्थल रसधाम पहुंचेगी. समिति ने सभी भक्तजनों से समय से पूर्व शिव मंदिर पहुंचने और कलश यात्रा, शोभा यात्रा को भव्य बनाने की अपील की है.

## सिंदूर का पौधा लेकर आज रवाना होगा जत्था

**भोपाल.** अमरनाथ यात्रियों का पांचवां जत्था गुरुवार को सिंदूर का पौधा और त्रिशूल लेकर रवाना होगा. ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल का पांचवा जत्था सिंदूर का पौधा एवं पवित्र त्रिशूल लेकर अंडमान एक्सप्रेस से भोपाल स्टेशन से सुबह 8 : 30 बजे अमरनाथ रवाना होगा. इस जत्थे में 51 श्रद्धालुओं बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे के लिए रवाना होंगे. इस जत्थे का नेतृत्व सुमित गिरी एवं अशोक काकडे द्वारा किया जाएगा. मंडल सदस्यों द्वारा भोपाल स्टेशन पर माला पहनकर अमरनाथ यात्रियों को विदाई की जाएगी.

## छात्राओं को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**भोपाल.** राजधानी के सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय (नूतन कॉलेज) में दीक्षारंभ कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने छात्राओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया. यह प्रशिक्षण 4 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशन में और महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में बुधवार को दिया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस और नवप्रवेशित छात्राओं को आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी और कौशल प्रदान करना था। एनडीआरएफ दल के प्रभारी इंस्पेक्टर जीडी नीलेश दीवानिया ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं की जानकारी दी और सिखाया कि ऐसी परिस्थितियों में वे अपनी और दूसरों की सहायता कैसे करें. प्रशिक्षण में फर्स्ट एड, सीपीआर और आग से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया.

## भगवान नेमिनाथ का मनाया मोक्ष कल्याणक

▶ कल्पना करते हुये निर्वाण लाडू किए समर्पित



**भोपाल, 2 जुलाई. जैन समाज द्वारा भगवान नेमिनाथ का मोक्षकल्याणक1100 क्वाटर में मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मनाया गया.**

मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ स्वामी का मोक्षकल्याणक धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर सकल जैन समाज भोपाल की उपस्थिति में प्रात:काल भगवान का अभिषेक एवं मुनिश्री के मुखारविंद से शांतिधारा संपन्न हुई. तत्पश्चात अष्टद्रव्यों से पूजन एवं निर्वाणकांड के साथ गिरनार जी क्षेत्र के उर्जयन्त पर्वत को स्मरण करते हुये जहां से भगवान नेमीनाथ को मोक्ष की प्राप्ति हुई उसकी कल्पना करते हुये निर्वाण लाडू समर्पित किए गए. इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित किया.

## कर्मचारी मंच की बैठक 6 जुलाई को

**भोपाल, 2 जुलाई.** मप्र कर्मचारी मंच की जिला स्तरीय बैठक 6 जुलाई को होगी. बैठक में स्थाई, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी और सुरक्षा श्रमिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे. बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे करेंगे.मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि स्थाई कर्मियों के सातवें वेतनमान का लाभ देने और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, सुरक्षा श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान करने, कर्मचारियों को एरियर का भुगतान करने, सुरक्षा श्रमिकों को पीएफ सुविधा का लाभ देने आदि मांगों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है.



## मनस्विता व्हीलचेयर से खेलों में करेगी बेहतर प्रदर्शन

▶ पैरा खिलाड़ी को जनसुनवाई में स्पोर्ट्स व्हीलचेयर प्रदान

**भोपाल, 2 जुलाई. पैरा एथलीट मनस्विता तिवारी अब और अच्छा प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकेंगी. उनको उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा पैरा खिलाड़ी मनस्विता तिवारी को मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में स्पोर्ट्स व्हीलचेयर प्रदान की गई है.**

उल्लेखनीय है कि मनस्विता एक पैरा एथलीट हैं व विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं. उनकी माता कल्पना तिवारी ने बताया कि मनस्विता पैरा स्विमिंग, पैरा कैनोइंग, ताइक्कांडो खिलाड़ी है. मनस्विता ने पैरा स्विमिंग व पैरा कैनोइंग में राष्ट्रीय खेलों में 17 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल तथा 3 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं.

वही ताइक्कांडो में 01 स्वर्ण पदक व 1 रजत पदक प्राप्त किया है. मनस्विता की बचपन से ही खेलों में विशेष रुचि रही है. वह दिव्यांग है, लेकिन अपनी इस कमी को ही अपनी ताकत बनाकर वह क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर रही है. मनस्विता को अपने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्पोर्ट्स व्हीलचेयर की बहुत आवश्यकता थी, उनकी माता इसे उपलब्ध कराने में समर्थ नहीं थीं. उन्होंने जनसुनवाई में कलेक्टर उज्जैन से मांग की कि शासन द्वारा यदि मनस्विता को व्हीलचेयर मिल सके तो वह और अधिक श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकेगी. इसी आवश्यकता को समझते हुए कलेक्टर ने मनस्विता को स्पोर्ट्स व्हीलचेयर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए.

## भारतीय दृष्टिकोण सदैव विश्व कल्याण का रहा : व्यास

बाबूलाल गौर महाविद्यालय में आयोजित हुई संगोष्ठी



**भोपाल, 2 जुलाई. भारतीय दृष्टिकोण सदैव से विश्व कल्याण का रहा है .हमें समस्याओं पर चिंता करने की जगह, समाधान पर विचार करना चाहिए. उक्त उद्गार प्रांत संयोजक डा.भरत व्यास ने बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल भोपाल मेंव्यक्त किए.**

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल भोपाल में शिक्षा, संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस पर उच्च शिक्षा में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व के समग्र विकास विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में न्यास के प्रांत संयोजक डा. भरत व्यास ने कहा कि भारतीय दृष्टिकोण सदैव से विश्व कल्याण और वसुधैव कुटुम्बकम का रहा है. हमें समस्याओं से चिंतित होने की जगह समाधान पर विचार करना चाहिए. पर्सनालिटी और व्यक्तित्व दोनों के भावार्थ में बहुत अंतर है. हमें एकाग्रता ,मनोयोग, समर्पण, लगन और विवेक से अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए. आध्यात्मिक चेतना हमें दृढ़ बनाती है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्माण में शिक्षा, संस्कृति उत्थान न्यास की अहम भूमिका रही है. संगोष्ठी के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ संजय जैन ने मुख्य वक्ता डॉ. व्यास विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी मंत्री उच्च शिक्षा का शाल,श्रीफल और पौधा- गमला से स्वागत किया .संचालन डा .वर्षा चौहान ने किया. आभार प्रो. प्रीती जौहरी ने व्यक्त किया. इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विकसित किए जा रहे विद्यावन में वृक्षारोपण भी किया गया.

## एमएलबी कॉलेज में मणिकर्णिका संवाद पत्रिका का विमोचन

**भोपाल, 2 जुलाई.** राजधानी के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्वशासी महाविद्यालय (एमएलबी कॉलेज) में बुधवार को मणिकर्णिका संवाद पत्रिका के पहले अंक का विमोचन हुआ. यह पत्रिका कॉलेज की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और अन्य गतिविधियों को एक साथ प्रस्तुत करने का प्रयास है. इस मौके पर कॉलेज में साहित्य और संस्कृति से जुड़ी एक विशेष कक्षा भी आयोजित की गई. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार अग्रवाल ने पत्रिका को कॉलेज की गतिविधियों का जीवंत दस्तावेज बताया.

उपलब्धि ▶ वरिष्ठ चित्रकार राज सैनी ने दो वर्षों में तैयार की मोड्स ऑफ नरेन्द्र मोदी थीम पर पेंटिंग

## 200 फीट लंबी पेंटिंग वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज



**भोपाल, 2 जुलाई. शहर के वरिष्ठ चित्रकार राज सैनी का नाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेंटिंग वन कैरेक्टर, वन कैनवास, वन आर्टिस्ट के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन में दर्ज हुआ है. राज को यह सम्मान पिछले दिनों इंदौर में आयोजित हुए एक समारोह में दिया गया.**

सैनी को यह सम्मान हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा, पूर्व राज्यपाल न्यायमूर्ति विष्णु सदाशिव कोकजे, भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा, सांसद शंकर लालवानी, स्पेशल डीजी वरुण कपूर ने दिया. उल्लेखनीय है कि राज सैनी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर केंद्रित की गई अब तक की सबसे बड़ी पेंटिंग है.

राज ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2014 में इस पेंटिंग को बनाने का निर्णय लिया. इस पेंटिंग को उन्होंने मोड्स ऑफ नरेन्द्र मोदी थीम पर तैयार किया जिसमें प्रधानमंत्री के विभिन्न देशों में किये गये दौरे, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात, कार्यशैली, ऐतिहासिक फैसलों आदि को शामिल करते हुए उन्हें रंग और कूची के माध्यम से कैनवास पर आकार दिया. वह कहते हैं कि 200 फीट लंबी और पांच फीट चौड़ी इस पेंटिंग को बनाने में उन्हें लगभग दो वर्ष का समय लगा जिसमें उन्होंने कभी किसी दूसरे कलाकार का सहयोग नहीं लिया और खुद अकेले ही इस पूरी पेंटिंग को वर्ष 2016 में बनाकर तैयार किया.